हाजीपुर-सोनपुर में खरना व्रत संपन्न, आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे व्रती

घाटों पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, व्रतियों ने किया खरना का प्रसाद ग्रहण

हाजीपुर (आससे)। हाजीपुर-सोनपुर क्षेत्र में चार दिवसीय अनुष्ठान लोक आस्था और सूर्य उपासना के कार्तिक छठ महापर्व का दूसरा दिन शनिवार को खरना के साथ संपन्न हो गया। सुबह से ही व्रतियों के घरों में खरना की तैयारियां चल रही थीं। शाम होते ही व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गुड़ की खीर, रोटी और केले का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया।

खरना के बाद से ही पूरे क्षेत्र में छठ की छटा बिखरने लगी है। घर-घर से छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं। बाजारों में फल, सूप, दौरा, नारियल और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। व्रतियों के परिजन घाटों की सफाई और सजावट में जुटे हुए हैं। जगह-जगह आकर्षक पंडाल और लाइटिंग से घाटों को सजाया गया है।

आज रविवार को महापर्व का तीसरा दिन है, जब व्रती डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य देंगे। इसके लिए हाजीपुर के कौनहारा घाट, सीढ़ी घाट, सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ घाट सहित गंडक और गंगा नदी के तटों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती और साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सोमवार की सुबह उषा अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा। श्रद्धालुओं में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह और आस्था का माहौल देखा जा रहा है।


सोनपुर में खरना पूजा-अर्चना करती छठव्रती

राजापाकर प्रखंड क्षेत्र लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ का दूसरा दिन खरना के रूप में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शनिवार को छठ व्रतियों ने दिनभर निर्जला उपवास रखा और शाम में स्नान-पूजन के बाद खरना का प्रसाद तैयार किया। गुड़, चावल और दूध से बनी खीर, रोटी और फल का भोग लगाकर व्रतियों ने सूर्य देवता और छठ माता से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। खरना के उपरांत व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और उसके बाद परिजनों एवं पड़ोसियों के बीच प्रसाद का वितरण किया। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला उपवास का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर पूरे वातावरण में आस्था और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। घर-घर से वेदी पर घी के दीप जलते नजर आए। घर की महिलाओं ने छठ के परंपरागत गीतों को गया। केलवा के पात पर उगल हो सूरज देव जैसे छठ के परंपरागत गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। रविवार को छठ व्रत के तीसरे दिन व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसके लिए घाटों की सजावट और सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। घाटों पर रोशनी और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कोई परेशानी न हो।


राजापाकर खरना का प्रसाद बनाती हुई छठव्रती

गोरौल वैशाली (आससे) के अनुसार सूर्य उपासना और लोक आस्था के चार दिवशीय महा छठ पर्व के दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी को शाम को छठ व्रती महिलाओ ने आरवा चावल और गुड़ का खीर बनाकर देवकरी में पांच जगह मिट्टी के वर्तन में खीर रखकर पूजा अर्चना करती हैं। प्रसाद के रूप में आरवा चावल का खीर और घी चुपड़ी की रोटी बनाई गई। पूजा के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पर्व में छठ ब्रती 36 घण्टे का निर्जला उपवास रखती है। ब्रत के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य कार्तिक शुक्ल षष्टि को दिन में दिन में प्रसाद बनाया जाता है प्रसाद के रूप में ठेकुआ बनाया जाता है। इसके आलावा ईख, केला, अनारस, मूली, नींबू, आदी नारियल लौंग अर्गपात अन्य चीज प्रसाद के रूप में चढ़या जाता है ।शाम को बास के टोकरी और कलसुप में ब्रती के साथ परिवार के सभी लोग अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद चौथे दिन कार्तिक शुक्ल ससमी के सुबह में उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाता है। उसके बाद ब्रती कच्चे दूध का सर्वत पीकर और प्रसाद खाकर लोक आस्था के महान पूर्व का समापन करते है। मान्यताओं के अनुसार सूर्य को अर्घ्य देने से इस जन्म के साथ किसी भी जन्म में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रकृति को निमित है। निःसंतान को संतान देती और संतान की रक्षा करती हैं।सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा की गई है ।वर्षकृत्यम में भी छठ की चर्चा है।अथर्ववेद के अनुसार भगवान भास्कर की मानस बहन हैं षष्ठी देवी प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना जाता है। बालक के जन्म के छठे दिन भी षष्ठी मइया की पूजा की जाती है। ताकि बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाये शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का यह महापर्व है। छठ महापर्व खासकर शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का पर्व है।

पूर्व रेलवे

निविदा संख्याः EL-MLDT-E-Tender-488, दिनांकः 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर-झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्याः EL-MLDT-E-Tender-488। कार्य का नामः** कैरिज एवं वैगन विभाग के अंतर्गत धरहरा, मालदा स्थित ओपीडी ब्लॉक के उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा शयनशाला (डॉर्मिटरी) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 46,27,305.68; **धरोहर राशिः** ₹ 92,600.00; निविदा दस्तावेज का शुल्कः शून्य; **ई-निविदा जमा करने की अवधिः** 18.11.2026 से 02.12.2026 को 15:30 बजे तक। **वेबसाइट एवं सूचना पट्ट का विवरणः- वेबसाइटः www.ireps.gov.in**, सूचना पट्टः **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/पूर्व रेलवे/कार्यालय/मालदा टाउन।** सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें। किसी भी परिस्थिति में हस्तचालित अथवा ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। MLD-248/2026-27

निविदा सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है: www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें लाइक करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पढ़ाई के साथ संस्कार भी सिखा रहा एसवी कोचिंग सेंटर

छठ पर्व की झांकी से बच्चों ने समझायी आस्था और अनुशासन की परंपरा

हाजीपुर (आससे)। सोनपुर प्रखंड कार्यालय के सामने स्थित एसवी कोचिंग सेंटर मे शनिवार को पढ़ाई से हटकर कुछ अलग देखने को मिला। यहां बच्चों ने किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर बिहार की संस्कृति और आस्था को अपनी कला से जीवंत कर दिया।

छठ महापर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने नहाय-खाय से लेकर खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य तक की पूरी यात्रा को झांकी, गीत और चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया।



व्रतियों की श्रद्धा,अनुशासन और सूर्य उपासना की परंपरा को बच्चों ने इतनी सहजता से दिखाया कि अभिभावक भी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

कोचिंग के निदेशक विनोद सर एवं अभिजीत सर और बिट्टू सर के मार्गदर्शन में बच्चों ने यह प्रस्तुति तैयार की थी। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक समझ बढ़ाते हैं।

विजय सर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक लाना नहीं है, बल्कि बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना भी है। शिक्षक

बीडीओ ने छठ घाट का किया निरीक्षण

महुआ (आससे)। छठ महापर्व को लेकर महुआ प्रखंड प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव बरनवाल ने अधिकारियों के साथ प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ समसपुरा पंचायत के कुशहर घाट, डगरू, फतेहपुर पकड़ी, जलालपुर गंगटी, फुलवरिया, जहांगीरपुर सलखन्नी, हसनपुर ओस्ती सहित विभिन्न पंचायतों में पहुंचे। उन्होंने व्रतियों के आने-जाने के रास्ते, पानी की स्थिति, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। कई घाटों पर गंदगी देखकर बीडीओ ने अविलंब सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ लोक आस्था का महापर्व है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग और रोशनी की व्यवस्था करने को कहा। निरीक्षण में पंचायत सचिव अशोक कुमार, नाजिर अजीत कुमार, अनील कुमार आदि मौजूद थे।

महुआ बालक विद्यालय में चोरी

महुआ (आससे)। राजकीय मध्य विद्यालय महुआ बालक में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. तसलीम अंसारी ने महुआ थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, बीते शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे प्रधानाध्यापक विद्यालय बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की अहले सुबह नौ बजे पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। कार्यालय के दरवाजे की कुंडी भी टूटी हुई थी। चोर बड़ा बैटरी, बच्चों की खेल सामग्री, बड़ा घंटा, हारमोनियम, कैसियो, एम्पलीफायर, माइक एवं अन्य सामान चुरा ले गए। आशंका है कि चोरी 13 नवंबर की रात में हुई है। पुलिस ने जांच की बात कही है।

बाल दिवस के रूप में मनी नेहरू की जयंती

तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का लिया संकल्प

हाजीपुर (आससे)। शहर के मड़ई रोड स्थित एक सभागार मे शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने नेहरू के जीवन, विचारों और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू ने स्वतंत्रता के बाद देश को विकास की नई दिशा दी। आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, औद्योगिक विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे।

इस अवसर पर पिंटू यादव ने कहा कि नेहरू का बच्चों के प्रति विशेष लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उनका मानना था कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। इसलिए हर बच्चे को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भी कई बच्चे आर्थिक और सामाजिक कारणों से शिक्षा से वंचित हैं, ऐसे बच्चों की मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में नेहरू के आदर्शों को अपनाने और बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पिंटू यादव, सुजीत कुमार, पप्पू कुमार, प्रकाश दिलीप और सुजल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व रेलवे

सूचना संख्याः Sig_W_5_Policy, दिनांक 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर- झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **(i) ई-निविदा संख्याः MLDT_SNT_26-27_25_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नामः** (i)(A) अमृत भारत योजना के अंतर्गत जमालपुर, मुंगेर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/जमालपुर)। (B) अमृत भारत योजना के अंतर्गत साहिबगंज एवं शिवनारायणपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/साहिबगंज)। (C) अमृत भारत योजना के अंतर्गत सबौर, कहलगांव, बांका एवं गोड्डा स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/भागलपुर)। (D) अमृत भारत योजना के अंतर्गत मालदा टाउन स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/मालदा टाउन)। (E) अमृत भारत योजना के अंतर्गत न्यू फरक्का, धूलियान गंगा एवं जंगीपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/ न्यू फरक्का)। (F) वरिष्ठ मंडल अभियंता/2 के अधीन बांका एवं हंसडीहा में फुट ओवर ब्रिज (FOB) शेड का प्रावधान तथा मौजूदा स्टील संरचनाओं जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज (FOB), प्लेटफॉर्म शेड आदि का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन। **निविदा की अनुमानित लागतः** ₹ 4,36,96,943.12; **धरोहर राशिः** ₹ 8,73,900.00; **(ii) ई-निविदा संख्याः MLDT_SNT_26-27_30_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नामः** मालदा मंडल के रायपुर, सबौर, लैलख ममलखा, घोघा, एकचारी, कहलगांव, न्यू फरक्का एवं बल्लालपुर (एमके-II) स्टेशनों पर स्थापित WESTRACE-VLM6 (सीमेंस निर्मित) आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के लिए OEM/अधिकृत डीलर के माध्यम से 03 (तीन) वर्षों की व्यापक वार्षिक रखरखाव संविदा (CAMC), खुली निविदा के आधार पर। **निविदा की अनुमानित लागतः** ₹ 1,98,23,040.00; **धरोहर राशिः** ₹ 3,96,500.00; **ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** दिनांक 16.11.2026 से 02.12.2026 को 11:00 बजे तक (दोनों निविदाओं के लिए)। **वेबसाइट एवं सूचना पट्टः-** वेबसाइटः www.ireps.gov.in सूचना पट्टः **वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक भवन, मालदा।** MLD-249/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है: www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें फॉलो करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

वर्गीकृत

कोनहारा व आसपास के घाटों पर गंदगी देख भड़के चिराग पासवान, लोजपा नेताओं को लगायी फटकार

बोले- छठ में श्रद्धालुओं को परेशानी हुई तो बर्दाश्त नहीं, रातों-रात दुरुस्त करें व्यवस्था

हाजीपुर (आससे)। केंद्रीय मंत्री सह हाजीपुर सांसद चिराग पासवान ने शनिवार को छठ महापर्व के दूसरे दिन हाजीपुर के ऐतिहासिक कौनहारा घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की और जिला प्रशासन के अधिकारियों से अब तक की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कौनहारा घाट और उसके आसपास के घाटों पर जगह-जगह गंदगी और बदइंतजामी देखकर केंद्रीय मंत्री ने नाराजगी जताई। वे गुस्से से लाल हो गए और मौके पर मौजूद अपने लोजपा नेताओं तथा अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ जैसे महापर्व में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

प्रेस से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि उनकी कोशिश है कि पूरी लोकसभा में कोई गांव, कोई कोना ऐसा न रहे, जहां व्यवस्था के अभाव में स्थानीय लोगों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के संपर्क में रहकर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक है।

उन्होंने कहा कि आज खरना का प्रसाद है, लेकिन कल शाम और परसों सुबह अर्घ्य के समय घाटों पर सबसे अधिक भीड़ होगी। ऐसे में प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ताओं को और अधिक मुस्तैद रहने की जरूरत है। व्रती पूरी भक्ति भाव के साथ सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठी मइया से मनोकामना पूरी होने की आस लेकर आते हैं, इसलिए सेवा भाव से काम करना चाहिए।

चिराग पासवान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से भी समन्वय बनाकर काम करने को कहा। इस अवसर पर पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, एमएलसी अशरफ अंसारी, अवधेश कुमार सिंह, संतोष शर्मा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन

मैं, शादत शेख, पिता-मोजीब शेख, निवासी-नाजीरगंज, पो0-मठीला, थाना-कोरान सराय, जिला-बक्सर का निवासी हुँ, शपथ पत्र सं.-**3795,** दिनांक 10.11.2026 के अनुसार **शहादत शेख** के नाम से जाना जाऊँगा।

खोया-पाया

मैं, गौरी शंकर, पिता-स्व0 भागवान दास, निवासी-शहीद गेट डुमरॉव, पो0-थाना-डुमरॉव, जिला-बक्सर, राज्य, बिहार का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार सं.-325991453281 है। आज से लगभग दो माह पूर्व घर से बक्सर जाने के क्रम में मेरा बैग बस में छुट गया था काफी खोजबीन किया परन्तु मेरा उक्त बैग मुझे नहीं मिला मेरे बैग में मेरे जमीन का कागज, जिसका खाता सं. 112 खेसरा सं. 411, 412, 413 रकबा 10.1571 डी0 का मूल कागजात था जो कि उक्त बैग के साथ ही खो गया है। **शपथ पत्र सं. 12602, दिनांक 12.10.26.**

खोया-पाया

मैं, मनोज कुमार सिंह, पिता-श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी-ग्राम-महेशडीह, थाना-नेमदारगंज, जिला-नवादा में अपने पैतृक गाँव महेशडीह छुटटी पर आया हूँ वहीं पर **DGS COC Renewal Sticker** मुझे भारतीय डाक द्वारा प्राप्त हुआ था, मैं उस दस्तावेज को ग्राम महेशडीह से नेमदारगंज जाने के क्रम में कहीं गिर गया काफी खोजबीन किया लेकिन मेरा कागज नहीं मिल पाया। INDOS No.-01LL1219, COC.No.-ETO-01452,CDC No.-Mum-92812.
सनहा सं. **S.D.E.no-259/26 07/11/26**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

नाम परिवर्तन

मैं, पुजा देवी, पति-विनय कुमार, निवासी हजारी मुहल्ला, नुन का चौराहा, थाना-खाजेकलां, पो.-झाऊगंज, पटना सिटी, पटना-800008 बिहार शपथ पत्र सं. 6636 दि. 05.11.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे नाबालिग बच्चे सक्षम राज (Saksham Raj) का आधार कार्ड में नाम सक्षम राज (Saksham Raj) दर्ज है। जन्म प्रमाण पत्र में सक्षम राज चौधे (Saksham Raj Choudhary) दर्ज है। भविष्य में वह सक्षम राज चौधरी (Saksham Raj Choudhary) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

AFFIDAVIT

I, Ranjit Kumar Mishra, S/o Baidy Nath Mishra, R/o Village+P.O.-Chakhabib, P.S.-Bibhutipur, Distt.-Samastipur, Bihar do hereby declare that my name is mentioned in my son Ayush Anand's educational certificate as Ranjit Kumat Mishra which in wrong. As per Aadhar Card my correct name is Ranjit Kumar Mishra.

शपथ पत्र

मैं, अभिषेक, पिता-ईश्वर चन्द्र गुप्ता, निवासी-306, होली गंगा इन्क्लेभ, फेयर फिल्ड कॉलोनी संत पॉल स्कूल, दीघा, पो.+थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार-800012, शपथ पत्र सं.-535 दि. 13.11.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे वर्तमान रिकार्ड एवं कागजातों में मेरा नाम अभिषेक दर्ज है। भविष्य के लिए अपने नाम में टाइटिल गुप्ता जोड़ कर अब अभिषेक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

युवक का नया मोबाइल गुम थाने में दिया आवेदन

महुआ (आससे)। महुआ थाना क्षेत्र के समसपुरा पंचायत अंतर्गत कुशहर खास गांव निवासी सुनील कुमार साह का नया मोबाइल फोन गुम हो गया है। उन्होंने महुआ थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर मोबाइल की बरामदगी की गुहार लगाई है।

आवेदन के अनुसार, शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे वह उमेश की चाय दुकान पर चाय पीने गए थे। इसके बाद वह स्कूल के पास स्थित सकलदेव पासवान की दुकान पर गए।

इसी दौरान उनका वीवो कंपनी का नया 5जी मोबाइल गुम हो गया। पीड़ित ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। उन्होंने थानाध्यक्ष से छानबीन कर मोबाइल वापस दिलाने की मांग की है। आवेदन में मोबाइल नंबर का भी उल्लेख किया है। पुलिस ने जांच की बात कही है।

सरकारी खजाने से छेड़छाड़ पर शिक्षा विभाग सख्त, विशिष्ट शिक्षक निलंबित

1.34 लाख की अवैध निकासी में फंसे शिक्षक, मुख्यालय में देंगे हाजिरी

हाजीपुर (आससे)। सरकारी राशि से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षकों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में भगवानपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय शंभूपुर कोआरी के विशिष्ट शिक्षक संतोष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन पर समग्र शिक्षा मद से 1,34,000 रुपये की अवैध निकासी कर गबन करने का गंभीर आरोप है।

मामले की शुरुआत सहयोग पोर्टल पर अमरेंद्र कुमार सिंह की शिकायत से हुई। शिकायत में कहा गया था कि 14 मार्च 2024 को तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरविन्द्र कुमार और विशिष्ट शिक्षक संतोष कुमार ने संयुक्त हस्ताक्षर से विद्यालय कोष से राशि निकाल ली।

शिकायत के बाद विभाग ने तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी से स्थलीय जांच कराई। जांच प्रतिवेदन में दोनों को दोषी पाया गया। रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया कि बिना किसी सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन के, अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर राशि निकाली गई। इसके बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) ने 31 मई 2024 और 7 जून 2024 को दो बार स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन आरोपी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब या साक्ष्य नहीं दिया गया। विभाग ने इसे कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता और गबन माना।

आखिरकार जिला शिक्षा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने ज्ञापांक 2849, दिनांक 13 नवंबर 2026 से संतोष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली का कार्यालय रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जांच के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा को जांच पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, भगवानपुर को उपस्थापन पदाधिकारी बनाया गया है। दोनों को 45 दिन के अंदर जांच प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया गया है।

वैशाली में निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, 17 से शुरू होगी चयन प्रक्रिया

हाजीपुर (आससे)। निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए वैशाली जिले में निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन विभाग, बिहार के निर्देश पर विद्यालयों और महाविद्यालयों के निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से यह प्रतियोगिता आयोजित होगी।

प्रतियोगिता तीन स्तरों संस्थान, विधानसभा और जिला स्तर पर होगी। संस्थान स्तर पर प्रतियोगिता 17 से 22 नवंबर तक होगी। निबंध के विषय %शुद्ध मतदाता सूची का महत्व% और %मतदान का महत्व% रखे गए हैं। क्विज में मतदाता सूची, ईवीएम-वीवीपैट, मतदान और मतगणना प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

विधानसभा स्तर की प्रतियोगिता 24 से 27 नवंबर तक होगी। प्रत्येक विधानसभा से दोनों प्रतियोगिताओं के पांच-पांच सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी जिला स्तर के लिए चुने जाएंगे। जिला स्तरीय अंतिम प्रतियोगिता 01 दिसंबर को समाहरणालय स्थित पुष्करणी सभागार में होगी, जिसमें कुल 10 विजेताओं का चयन किया जाएगा।

S.K.M.R.D.B. INTER COLLEGE
Bhalui, Vaishali, Code-33409/33039

पत्रांक-22 **दिनांक 13.11.26**

(बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्चतर माध्यमिक द्वारा अनुशंसित)

नियुक्ति विज्ञप्ति संख्या-01

निम्नलिखित पदों पर अस्थायी बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित हैं- शिक्षक/व्याख्याता :- जन्तु विज्ञान एक पद, वनस्पति विज्ञान-एक, रसायन विज्ञान-एक, हिन्दी प्रथम एवं द्वितीय, उर्दू-एक, तर्कशास्त्र एक, समाज शास्त्र-एक, इतिहास द्वितीय पद-एक, संगीत-एक, कम्प्यूटर साइंस-एक, कुल पद-11, शिक्षकेत्तरकर्मी :- पुस्तकालय अध्यक्ष-एक पद, कार्यालय सहायक-चार पद, आदेशपाल-पांच, कुल-(10 पद), योग्यता: शिक्षक/व्याख्याता पदों के लिए उक्त विषय में स्नातकोत्तर पचपन प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है। साथ ही साथ बी.एड/एमएड/कम्प्यूटर साइंस के लिए MCA पास होना चाहिए। पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए B.LIS अथवा M.LIS अनिवार्य। कार्यालय सहायक के लिए स्नातक अनिवार्य तथा आदेशपाल के लिए इन्टर पास होना अनिवार्य है।

नोट : उपरोक्त सभी पदों के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ आवेदन विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में स्वयं अथवा प्राचार्य के पास जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के बाद कोई यात्रा भत्ता देय नहीं है। किसी भी जानकारी के लिए प्राचार्य के मोबाइल नंबर 9801102893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य